### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने कलेक्टर ने बटवाये आमंत्रण पत्र

# नई पहल, ज्ञापन, आवेदन के लिए आयोजन स्थल पर लगेगा स्टॉल



**जबलपुर।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित प्रदेश के आधा दर्जन मंत्रियों का आज जबलपुर आगमन हो रहा है। यहां वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में एक बड़ा आयोजन होगा, जिसमें 2 हजार 367 करोड़ की लागत से किए गए निर्माण का लोकार्पण और शिलान्यास होगा। इस कार्यक्रम को लेकर जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने आम लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए रेण्डम आधार पर लगभग 25 हजार लोगों को आमंत्रण पत्र भेजे हैं। इस अनूठी पहल के साथ-साथ उन्हेंने एक और पहल की है कि आमतौर पर मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान हितग्राही और आवेदक आते हैं लेकिन उन्हें इस बात की गारंटी नही रहती है कि उन्होंने जो आवेदन दिया है कि उसका निराकरण हुआ है या नहीं। इसके लिए कलेक्टर ने एक नई पहल करते हुए कहा कि आयोजन स्थल पर 20-25 पेटियां लगाई जा रही हैं। आवेदकों को इसकी पावती भी दी जाएगी। जिसमें आवेदन का नंबर लिखा हो और वहीं पर्ची आवेदन में चिपकी रहेगी जिससे आवेदक पोर्टल में अपने आवेदन की स्थिति को देख सेकगा। जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह जानकारी दी, इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### ज्ञापन और शिकायतों के लिए स्टॉल

कलेक्टर ने बताया कि आमतौर पर जब भी मुख्यमंत्री आते है तो बड़ी संख्या में हितग्राहियों के साथ विभिन्न संगठन व संस्थाएं ज्ञापन, आवेदन, और शिकायती पत्र सौंपते हैं। कुछ लोग मिल पाते हैं तो कुछ लोग नहीं मिल पाते हैं। जो लोग आवेदन दे देते है उनका निराकरण हुआ कि नहीं, इस बात के लिए वे परेशान रहते है। इस पर भी नई पहल की गई है आयोजन स्थल पर 20-25 पेटियां लगाई जा रही हैं और एक स्टॉल लगाया जा रहा है जहां इस तरह के आवेदन शिकायती पत्रों और ज्ञापनों की पावती दी जाएगी। जिसमें आवेदन क्रमांक भी लिखा होगा, एक क्रमांक आवेदन पर चस्पा होगा और दूसरी स्लिप आवेदक के हाथ में होगी। बाद में इन सभी पत्रों को इकट्ठा करके, मुख्यमंत्री को सौंप दिया जाएगा। इस नई व्यवस्था से आवेदन पोर्टल पर अपने आवेदन की स्थिति और निराकरण का अवलोकन कर सकेंगे।

#### 25 हजार लोगों को भेजे कार्ड

जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि वेटनरी कॉलेज में आम लोगों को सहभागिता बढ़ाने के लिए 25 हजार लोगों को आमंत्रण कार्ड भेंजे गए। पहले आमतौर पर वीआईपी और प्रोटोकॉल लिस्ट में शामिल लोगों को ही आमंत्रण भेजा जाता था। 25 हजार लोग इस बार आमंत्रित किए गए हैं। ताकि लोग विकासपर्व में शामिल हो सके।

#### मार्ग डायवर्ट होगा

इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि वीआईपी आगमन को लेकर रुट चार्ट तैयार कर लिया गया हैं। उसी हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था लगाई जा रही हैं। साथ यातायात के मार्ग भी डायवर्ट भी किए जाएंगे। अभी इनमें से कुछ व्यवस्था फायनल होने को रह गई है। अतिथियों को लंच संभवतः होटल कलचुरी में प्रस्तावित है। इसी आधार पर वीआईपी मूवमेंट वाली जगहों पर यातायात डायर्वट किया जाएगा।

### 2 हजार 367 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री गड़करी आज आयेंगे





**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और देश के सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी का आज जबलपुर आगमन हो रहा है। इसके साथ ही केंद्र व प्रदेश के अन्य मंत्री संसद व विधायक भी जबलपुर पहुंच रहे हैं। नेताद्वय यहां वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित विकास पर्व में शामिल होंगे। 30 जनवरी मंगलवार को सुबह 11.45 बजे विटनरी कालेज ग्राउंड में 2 हजार 367 करेड़ की सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जोर शोर तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जनरल व्हीके सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क एवं परिवहन मंत्रालय, प्रहलाद पटैल पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग, राकेश सिंह लोक निर्माण मंत्री सहित कई नेता शामिल होंगे।

#### इस परियोजनाओं का होगा लोकार्पण व भूमिपूजन

एनएच 539 के टीकमगढ़-झांसी सड़क पर स्थित जामनी नदी पर पुल का निर्माण, चंदिया घाटी से कटनी बायपास तक दो लेन सड़क उन्नयन कार्य, एनएच-339 के बमीठा से खुजराहो हिस्से का चार लेन चौड़ीकरण कार्य का लोकार्पण होगा। इसके अलावा शिलान्यास कार्यक्रम में गुलगंज बायपास से बरना नदी तक दो लेन सड़क उन्नयन कार्य, बरना नदी से केन नदी तक दो लेन सड़क निर्माण, शहडोल से सागर टोला तक दो लेन सड़क उन्नयन, एनएच-44 के अंतर्गत ललितपुर-सागर- लखनादौन खंडे में कुल 23 वीयूपी पुल, एनएच-44 के सुकतारा, खुरई और खवासा के कुल तीन फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, बंजारी घाटी एनएच-44 पर दो ब्लैक स्पाट का सुधार कार्य होगा।

#### ये भी आ रहे

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ.वीके सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के अलावा प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद राजपूत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व्हीडी शर्मा सहित संभाग के सांसद और विधायक भी आ रहे हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में चिंहित किए जा रहे हितग्राही

**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शहर में आयोजित हो रहे शिविरों में संभाग क्रमांक 6 संस्कृत विद्यालय में शिविर लगाए गए। यहां पर केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिये गए। हितग्राहियों के लाभ वितरण उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉं. अभिलाष पाण्डे ने वितरित किये। शिविरों में हितग्राहियों के लाभांश वितरण के उपरांत सभी हितग्राहियों के चेहरों पे मुस्कान दिखाई दी। इस अवसर पर डॉं. अभिलाष पाण्डे ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य शासन की जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित हैं उन सभी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे ये हमारी प्राथमिकता है। इसी प्रकार केन्ट विधानसभा क्षेत्र में विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में शिविर आयोजित किया गया। केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संभाग क्रमांक 10 राँझी गणेश गंज स्कूल में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने शिविर के संबंध में कहा कि हर व्यक्ति हर नागरिक को ज्यादा से ज्यादा लाभ सरकारी योजनाओं का मिले यही हम चाहते हैं उन्हें किसी भी तरह से भटकना न पड़े यही हमारी प्राथमिकता है। दोनों शिविर में मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्षद दामोदर सोनी, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह गोंड़, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा, संभागीय अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर, संतोष अग्रवाल, सत्येन्द्र चक्रवर्ती, पवन सिंह ठाकुर, राकेश तिवारी, सुदीप पटैल एवं महेन्द्र उईके के साथ-साथ कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग, महिला बाल विकास बैंकिग आदि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### लोक निर्माण मंत्री ने किया तैयारियों का निरीक्षण

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शाम वेटरनरी कॉलेज ग्राउण्ड पहुंचकर यहां मंगलवार 30 जनवरी को आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केन्द्राrय मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार 30 जनवरी को वेटरनरी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर क्षेत्र में 2 हजार 367 करोड रूपये की 226 किलोमीटर लम्बी 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान मंचीय व्यवस्था से लेकर बैठक व्यवस्था तक का जायजा लिया। उन्होंने इस मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र जामदार एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सुभाष तिवारी 'रानू', कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### जिला प्रशासन पर नगर भाजपा की उपेक्षा का आरोप

# मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री आ रहे नगर संगठन को नहीं जानकारी

**जबलपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी आज जिले को कई बड़ी सौगात देने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव जबलपुर के लिये आज अपने कार्यकाल का सबसे बड़ा लोकार्पण भूमिपूजन करने जा रहे हैं। जिसकी तैयारियों में जिला प्रशासन का अर्श से फर्श तक अमला जुटा हुआ है। लेकिन नई प्रदेश सरकार बनने के बाद और लोकसभा आचार संहिता लगने के ठीक पहले होने वाले इस बड़े कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पर सवाल नगर भाजपा की तरफ से ही उठाए जा रहे हैं। शिकायत है कि विटनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित आज के कार्यक्रम में सत्ता धारी भाजपा के नगर संगठन को उपेक्षित किया जा रहा है। न केन्द्रीय मंत्री के आगमन की कोई जानकारी दी गई है और न मुख्यमंत्री के आगमने की। इससे नगर अध्यक्ष प्रभात साहू आहत नजर आ रहे हैं, जिनका कहना है कि उनका कहना था कि पहले ऐसा नहीं होता था। नगर अध्यक्ष प्रभात साहू का कहना है कि मुख्यमंत्री सहित अन्य व्हीआइपी के आने की जानकारी न सिर्फ कलेक्टर पार्टी अध्यक्ष को देते थे, बल्कि बैठक भी बुलाते थे। इस बैठक में संगठन द्वारा दिए गए सुझाव के आधार पर कार्यक्रम फाइनल किया जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। उनके मुताबिक कार्यक्रम की क्या रुपरेखा है और कितने बजे आगमन और कार्यक्रम में हमारी क्या उपस्थिति है इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हे कुछ अपडेट ही नहीं किया है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी आज मंगलवार 30 जनवरी को सुबह 11 बजे जबलपुर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित समारोह में वे 2367 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का लोकापर्ण और शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह, फग्गनसिंह कुलस्ते सहित राज्य सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन मंत्री राव उदयप्रतापसिंह, खाद्य मंत्री गोविंदसिंह राजपूत के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि, मंत्री, विधायक व सांसद शामिल होने जबलपुर आ रहे है।

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के तहत कार्य आवंटन से जुड़ी दो अलग-अलग याचिकाओं पर जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने प्रमुख सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, कलेक्टर जबलपुर, जिला आपूर्ति नियंत्रक, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम तथा शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी रितेश कुमार विश्वकर्मा और अभिनव रजक की ओर से याचिका दायर कर बताया गया कि उक्त योजना में उनका चयन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत हुआ था। याचिकाकर्ताओं को तहसील पनागर सेक्टर एवं नगर निगम सेक्टर के अंतर्गत आने वाली शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन पहुँचाने का कार्य सौंपा गया था। अपरिहार्य कारणों के कारण राशन पहुँचाना संभव नहीं हो पा रहा था। इसके लिए याचिकाकर्ताओं ने शासन को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। अभ्यावेदन पर निर्णय लिए बिना ही अगस्त 2023 के बाद से उन्हें कार्य आवंटन बंद कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुघोष भमोरे व निशांत मिश्रा ने पक्ष रखा।

# होमगार्ड सैनिक को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने महिला होमगार्ड सैनिक को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस शील नागू व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले को सुनवाई हेतू स्वीकार कर पूर्व में लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को बिना कॉल ऑफ दिए उनकी सेवा जारी रखी जाए। मामले पर अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी।

दमोह की संध्या अहिरवार ने याचिका दायर कर बताया कि उन्हें एक दिसंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने बताया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर 3 साल में 2 माह का कॉल ऑफ कर दिया गया। दरअसल, वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 में नियम बनाये और आदेश के विपरीत पुनः एक वर्ष में 2 माह का बाध्य कॉल ऑफ का प्रावधान रख दिया।

### 2 लाख नगदी सहित सोने, चांदी के जेवर ले उड़े चोर

# दुर्गा कॉलोनी में दिन दहाड़े लाखों की चोरी



**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत दुर्गानगर कालोनी निवासी एक ज्वेलर्स शो रुम के संचालक के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर दो लाख रुपए और लाखों रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। घटना की दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे के बीच की बताई गई है। दिन दहाड़े इस चोरी की वारदात से पूरी कालोनी में दहशत का माहौल हैं।

घटना के संबंध में संजीवनी नगर पुलिस ने चुप्पी साध रखी है वहीं इस मामलें में दुर्गा कालोनी निवासी आशीष सोनी ने ईएमएस को बताया कि उसके पिताजी घर में ताला लगाकर किसी मीटिंग में शामिल होने गए थे और आशीष व परिवार के अन्य सदस्य सदर स्थित ज्वेलर्स गोल्ड पैलेस शो रुम में मौजूद थे। इस बीच घर में ताला लगा था। रात 9.30 बजे वे शोरुम बंद कर घर लौटे तो घर का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। आशीष सोनी के मुताबिक उनका दो मंजिला मकान है और वह ऊपर की फ्लोर में रहते है। चोरों ने पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा, फिर नीचे के घर का ताला तोड़कर ऊपर गए। ऊपर जाने के बाद वहां का भी ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। जहां पर रखे लॉकर का ताला तोड़कर चोरी की। चांदी के सिक्के, संतान सातें की चांदी की चूड़ियां, सहित सोने के जेवरात चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि उनके घर के लॉकर में लगभग 2 से ढाई लाख रुपए नगद एवं सोने चांदी के जेवर रखे हुए थे। जेवरों की कीमत लगभग 5 लाख के आसपास बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर संजीवनी पुलिस मौके पर पहुंची और धारा 457, 380 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामलें को जांच में लिया है। पुलिस का कहना है कि अभी क्या-क्या जेवर चोरी हुए इसकी जानकारी श्री सोनी द्वारा नहीं दी गई उन्होंने कहा कि आकलन करने के बाद चोरी के जेवरों की लिस्ट बाद में दी जाएगी।

#### पहले भी हो चुकी लूट

यहां उल्लेखनीय है कि लगभग एक वर्ष पूर्व कुछ बदमाशों नें आशीष सोनी के सदर स्थित ज्वेलर्स गोल्ड पैलेस शोरूम में पहुंच कर उनकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाला था और सोने के जेवर लूट कर ले गए थे। जिसके बाद पुलिस ने ओमती क्षेत्र से कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### नाबालिक के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपियों को 5-5 साल की कैद

**जबलपुर।** पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वालें तीन आरोपियों को पांच-पांच साल का कठोर कारावास और जुर्माना लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक तिलवारा थाना क्षेत्र में 8 नवंबर 2019 को दोपहर 3 बजे एक नाबालिग दोपहर घर में अकेली थी। उसके माता पिता मजदूरी करने गए थे और बड़ी बहन सरकारी नल में पानी भरने गई थी इसी दौरान आरोपी संतोष भूमिया ने उसके घर में प्रवेश किया और उसका हाथ पकड़कर घर के पीछे लगे राहर के खेत में ले गया। जहां आरोपी लालजी उर्फ लालू, सुखचैन भूमिया पहले से बैठा था, जहां सुखचैन ने पैर पकड़ लिया और लालू ने हाथ पकड़ लिया और आरोपी संतोष अश्लील छेड़छाड़ करने लगा, तभी लड़की चिल्लाई तो तीनों आरोपी छोड़कर भाग गए। माता पिता के घर आने पर उसने तिलवारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने धारा 354, 354 (क), 34 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7 एवं 8 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती स्मृतिलता बरकडे ने पैरवी की, जिनकें तर्को से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपियों को सजा सुनाई।

### हत्या के प्रयास पर तीन को सात-सात वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजकुमार चौहान की अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपित जबलपुर निवासी विशाल बसोर, दीपक बसोर व अरविंद बसोर का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुशील सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों ने एकराय होकर कृष्णकुमार पर हमला बोला था। बका, लाठी व राड से बुरी तरह पीटा। इससे व लहुलुहान हो गया। इस दौरान कृष्ण कुमार के स्वजनों को भी चोट पहुंचाई गई। यदि समय पर इलाज न होता तो जान जा सकती थी। इसीलिए रांझी पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध कायम किया। अदालत ने गवाहों के बयानों व साक्ष्यों पर गौर करने के बाद जुर्म साबित पाया। इसी के साथ सजा सुना दी।



# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक'

- बीकानेर में भारत और सऊदी अरब के बीच अभ्यास
- महाजन में यह अभ्यास 29 से 10 फरवरी तक चलेगा
- दोनों देशों के 45-45 सैन्यकर्मी सैन्य टुकड़ी में शामिल
- उद्देश्य: अर्ध-रेगिस्तानी इलाके में सैनिकों को प्रशिक्षित करना
- सैनिकों के बीच मिलनसारिता और सौहार्द विकसित होगा
- यह दोनों सैन्य टुकड़ियों के आपसी संबंध को सशक्त बनाएगा

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' का प्रारंभिक संस्करण सोमवार को राजस्थान के महाजन में शुरू हुआ। 45 रक्षा कर्मियों वाले सऊदी अरब के सैन्य दल का नेतृत्व रॉयल सऊदी लैंड फोर्सेस और भारतीय सेना की टुकड़ी में भी 45 सैन्यकर्मी शामिल हैं, जिनका प्रतिनिधित्व ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। अभ्यास की इस अवधि में सचल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, घेरा डालना और खोज अभियान, हाउस इंटरवेंशन ड्रिल, रिफ्लेक्स शूटिंग, स्लिथरिंग और स्नाइपर फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### जहां पहुंचा था चंद्रयान वहां भूकंपीय हालात



**वॉशिंगटन।** भारत ने अपने चंद्रयान को चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड कराया था। अब नासा भी आने वाले बरसों में आर्टेमिस अंतरिक्ष यात्रियों को यहीं उतारने का मंसूबा बना रहा है। हालांकि इस क्षेत्र की हालत नाजुक है और यह भूकंप से प्रभावित है। प्लैनेटरी साइंस जॉर्नल में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि यह क्षेत्र हाल ही में भूकंपीय रूप से सक्रिय पाया गया है।

### अमेरिका ने 14 लाख भारतीयों को दिया वीजा




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों की टीम ने साल 2023 में रिकॉर्ड 14 लाख अमेरिकी वीजा जारी किए हैं। यह संख्या पहले की तुलना में कहीं अधिक है। वहीं, विजिटर वीजा अपॉइंटमेंट प्रतीक्षा समय में 75 फीसदी की कमी आई है। भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास ने कहा कि अब दुनिया भर में हर 10 अमेरिकी वीजा आवेदकों में से एक भारतीय होते हैं। वीजा वर्गों में मांग अभूतपूर्व थी।

## अरब सागर में नौसेना का बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन, डाकुओं को खदेड़ा

# आईएनएस 'सुमित्रा' ने सोमाली समुद्री डाकुओं से मछुआरों को सुरक्षित बचाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचा लिया।*

भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान को सोमाली समुद्री लुटेरों से सुरक्षित बचा लिया है। समुद्री लुटेरों को निहत्था कर दिया गया है और सोमालिया की ओर भाग जाने के लिए कहा गया है।

वहीं आईएनएस सुमित्रा अब इलाके से बाहर निकल आई है। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। रक्षा अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। वहीं इससे पहले भारतीय रक्षा अधिकारियों ने कहा था कि अरब सागर में नौसेना की एक्शन जारी है। नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाने की कोशिश कर रहा है। लगभग 17 क्रू सदस्यों वाले ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज एमवी इमान को सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।

**खास बातें**

- समुद्री डाकुओं को दी भागने की चेतावनी, अरब सागर में नौसेना का एक्शन जारी
- ईरान का झंडा लगे जहाज एमवी ईमान का सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था

### युद्धपोत पर मौजूद ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों तरफ से घेरा



### समुद्री लुटेरों ने चालक दल को बनाया बंधक

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि सोमलिया के पूर्वी तटों और अदन की खाड़ी में ऐसे अभियानों के लिए तैनात आईएनएस सुमित्रा ने ईरान के झंडे लगे मछली पकड़ने वाले जहाज ईमान के अपहरण के संबंध में सूचना पर कार्रवाई की। जहाज पर समुद्री लुटेरे चढ़ गए थे और चालक दल को बंधक बना लिया गया था। मधवाल ने बताया कि आईएनएस सुमित्रा ने जहाज को रोका और समुद्री लुटेरों को चालक दल जलपोत की सुरक्षित रिहाई के लिए बाध्य करने के वास्ते एसओपी के अनुरूप कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि जहाज पर चालक दल के सभी 17 सदस्यों और अन्य लोगों को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

### नौसेना की सख्त चेतावनी का दिखा असर

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारतीय नौसैनिक युद्धपोतों की तैनाती समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के दृढ़संकल्प को दर्शाती है। रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी नौसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर फोटो शेयर कर जानकारी दी है। बता दें कि व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर भारतीय नौसेना ने अरब सागर और अदन की खाड़ी में अग्रिम पंक्ति के विध्वंसक और पोत तैनात करके अपने निगरानी तंत्र को काफी बढ़ा दिया है।

### समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय जहाज तैनात

मधवाल ने कहा कि मिशन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय नौसैनिक जहाजों को तैनात किया है जो समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प का प्रतीक है।

## बड़ी मुश्किल में राष्ट्रपति, भारत से तनाव पड़ा भारी

# चीन समर्थक मुइज्जू की जाएगी कुर्सी, विपक्ष लाएगा महाभियोग

चीनी जासूसी जहाज को माले में डॉक करने की अनुमति देने पर विपक्ष हमलावर



एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मालदीव में मुख्य विपक्षी दल ने राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग लाने की योजना बनाई है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के पास संसद में बहुमत है और महाभियोग दाखिल करने के लिए सांसदों के हस्ताक्षर लेना शुरू कर दिया है। एक चीनी जासूसी जहाज को सरकार द्वारा माले में डॉक करने की अनुमति दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति मुइज्जू पर उनके चीन समर्थक रुख के लिए हमला बोला है।

### संसद में हंगामे के बाद बनी योजना

दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। इससे विपक्ष को एकजुट होने का मौका मिल गया और सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सभी ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। हालांकि अभी इसे जमा नहीं किया है।

### शपथ के बाद यह कारनामे रहे चर्चा में

45 वर्षीय मुइज्जू ने राष्ट्रपति के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। शपथ के तुरंत बाद, मुइज्जू ने भारत से अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का ऐलान किया था। 87 सदस्य वाली मालदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए संशोधन किया था। एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

## नागपुर में बनेंगे राफेल फाइटर जेट्स

- मारक क्षमता दमदार
- लंबाई 50.1 फीट, विंग स्पैन 35.4 फीट
- इसका वजन 10,300 किग्रा
- इसमें 14 हार्डप्वॉइंट्स
- भारतीय वायुसेना में 36 जेट्स शामिल
- राफेल में 30 मिमी कैलिबर की तोप लगी




*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि नागपुर के मिहान-सेज में फ्रांसीसी कंपनी डैसो राफेल फाइटर जेट्स बनाएगी। भारत में डैसो कंपनी इस प्रोजेक्ट को अनिल धीरूभाई अंबनी रिलायंस ग्रुप के साथ मिलकर पूरा करेगा। राफेल फाइटर जेट की अधिकतम गति 1912 किमी प्रति घंटा है। लेकिन कॉम्बैट रेंज 1850 किमी है। यह अधिकतम 51,952 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। यह एक सेकेंड में 305 मीटर की सीधी उड़ान भरने में सक्षम है। इसमें परमाणु हथियार भी लगेंगे। मीटियोर, स्कैल्प और हैमर मिसाइलों को लगाने की बात चल रही है।*

## हजारों रूसी दे रहे समर्थन

# पुतिन को राष्ट्रपति चुनावों में कड़ी टक्कर देंगे बोरिस

एजेंसी ▶▶ मास्को

यूक्रेन से युद्ध के बीच पुतिन को राष्ट्रपति चुनाव में 60 वर्षीय बोरिस नादेजदीन बड़ी चुनौती पेश करने को तैयार हैं , जिसे हजारों रूसी भी समर्थन दे रहे हैं। रूसी विपक्ष ने भी बोरिस को नामांकन भरने की मांग की है। बोरिस ने कई वादे किए हैं। यूक्रेन में संघर्ष समाप्त करने, पुरुषों को जंग में ढकेलने से रोकने और पश्चिम के साथ बातचीत करने की वकालत करने वाले नादेजदीन की बातों ने जनता को काफी प्रभावित किया है।



### कतारों में लगे लाखों रूसी

उन्होंने अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में 1,80,000 हस्ताक्षर एकत्र किए हैं। जिससे उन्हें मार्च में होने वाले आगामी राष्ट्रपति चुनाव में खड़े होने के लिए कम से कम 40 अलग-अलग रूसी क्षेत्रों से 100,000 हस्ताक्षरों की आवश्यकता पूरी हो गई है। गौरतलब है कि हस्ताक्षर के लिए लोगों की कतारें उस देश में एक दुर्लभ प्रदर्शन है।

## समझाया स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब

# चंद्रचूड़ बोले- न्याय देते वक्त न हो कोई राजनीतिक दबाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्वतंत्र न्यायपालिका का मतलब केवल कार्यपालिका और विधायिका से विलगाव होना भर नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी है। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को संविधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उच्चतम न्यायालय में एक रस्मी पीठ की अध्यक्षता कर रहे थे।



चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान एक स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए कई संस्थागत सुरक्षा उपाय करता है जैसे कि एक निश्चित सेवानिवृत्ति की आयु और उनकी नियुक्ति के बाद न्यायाधीशों के वेतन में बदलाव पर रोक। उन्होंने कहा कि हालांकि, ये संवैधानिक सुरक्षा उपाय स्वतंत्र न्यायपालिका सुनिश्चित करने के लिए अपने आप में पर्याप्त नहीं हैं।

### लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कई चुनौतियां

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय करने की कला सामाजिक और राजनीतिक दबाव और पूर्वाग्रहों से मुक्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अदालत ने पिछले 75 वर्षों में लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना किया है और इस न्यायालय ने कई वर्षों के दौरान सिद्धांतों की अपनी समझ तैयार की है। उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश हरिलाल जे कनिया के नेतृत्व में संघीय अदालत के छह न्यायाधीश भारत के उच्चतम न्यायालय की पहली बैठक के लिए एकत्र हुए थे। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में इस अदालत ने लंबित मामलों की संख्या कम करने की दिशा में सकारात्मक रुख अपनाया है।

## बोले- छीन लिए हमारे मौलिक अधिकार

# पाकिस्तान के खिलाफ पीओके में सड़कों पर उतरे हजारों लोग

एजेंसी ▶▶ गिलगित बाल्टिस्तान

पाकिस्तान के अत्याचारों और महंगाई के खिलाफ गुलाम जम्मू कश्मीर (पीओके) के लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों ने मुजफ्फराबाद प्रेस क्लब के सामने प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे तौकीर गिलानी ने कहा कि पाकिस्तान अत्याचार कर रहा है। क्षेत्र के नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया है। संस्कृतियों और परंपराओं को नष्ट किया जा रहा है। पाकिस्तान सरकार हमारी बात सुनने के लिए तैयार नहीं है।



### हम मिलकर उठाएंगे आवाज: प्रदर्शनकारी

प्रर्शनकारियों ने कहा कि हमें पाकिस्तान का सरकारी गेहूं नहीं चाहिए। हम 76 वर्षों के पाकिस्तानी उत्पीड़न का बदला लेंगे और अपने अधिकारों को पुनः हासिल करेंगे। गिलगित-बाल्टिस्तान के कई छात्र लाहौर, कराची, रावलपिंडी, इस्लामाबाद और पूरे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद हैं। हम मिलकर आवाज उठाएंगे।

## गृह मंत्री शाह कंप्यूटरीकरण परियोजना का आज करेंगे शुभारंभ

# देश के सभी राज्यों के एआरडीबी और आरसीएस कार्यालय होंगे कंप्यूटरीकृत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 30 जनवरी को नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) की कम्प्यूटरीकरण परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

यह परियोजना पूरे सहकारी इकोसिस्टम को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाकर सहकारिता क्षेत्र के आधुनिकीकरण और दक्षता को बढ़ाएगी। कार्यक्रम में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 1200 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। एआरडीबी की कम्प्यूटरीकरण परियोजना का लक्ष्य 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित एआरडीबी की 1851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत करना और उन्हें एक सामान्य राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर के माध्यम से नाबार्ड से जोड़ना है।

### *लक्ष्य: 13 राज्यों के एआरडीबी की 1851 इकाइयां कंप्यूटरीकृत*

- 'सहकार से समृद्धि' को साकार करने की दिशा में अहम कदम
- यह परियोजना पूरे सहकारी इकोसिस्टम को देगी डिजिटल प्लेटफॉर्म
- सहकारिता क्षेत्र के आधुनिकीकरण और दक्षता में होगी बढ़ोत्तरी



### सीएससी के रूप में ऑनबोर्ड कर डिजिटल सेवाएं शुरू

केवल इतना ही नहीं देशभर में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में ऑनबोर्ड कर डिजिटल सेवाएं शुरू करने में भी सक्षम बनाया जा रहा है। अब तक 50,000 से अधिक पीएसीएस, सीएससी के रूप में ऑनबोर्ड हो चुके हैं और 30,000 से अधिक ने सेवाएं देना भी शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, सहकारिता मंत्रालय ने एक नया राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस स्थापित किया है, जिसमें 8 लाख से अधिक सहकारी समितियों का डेटा उपलब्ध है और इस डेटाबेस को जल्द ही लॉन्च कर इसे सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

### रक्षा सचिव आज ओमान की यात्रा पर होंगे रवाना

भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने 30 और 31 जनवरी को ओमान का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान रक्षा सचिव, ओमान के रक्षा मंत्रालय के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन नसीर बिन अली अल-जाबी के साथ 12वीं संयुक्त सैन्य सहयोग समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान गिरिधर अरमाने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उद्योग सहयोग जैसी नई पहलों की संभावना को तलाशेंगे। इस दौरान दोनों नेता साझे हितों वाले क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।



# भारतीय गौरव का प्रतीक बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

गणतंत्र दिवस के समापन समारोह को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी कहा जाता है। बीटिंग रिट्रीट सेना का अपने बैरक में लौटने का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसा माना जाता है, जब शाम के वक्त सेनाएं युद्ध समाप्त करके लौटती थी और युद्ध के मैदान से वापस आने के बाद अपने अस्त्र-शस्त्र उतार कर रखती थी। इस दौरान झंडे नीचे उतार दिए जाते थे और इसे ही बीटिंग रिट्रीट कहते हैं।



### कब शुरू हुई बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

बीटिंग द रिट्रीट की शुरुआत 17वीं शताब्दी में इंग्लैंड से हुई थी। तब इंग्लैंड के किंग जेम्स सेंकड ने अपने सैनिकों को ड्रम बजाने, झंडे डाउन करने और जंग खत्म होने के बाद की घोषणा करने के लिए एक परेड आयोजित करने का आदेश दिया था। उस समय इस सेरेमनी को 'वॉच सेटिंग' कहा जाता था।



### भारत में बीटिंग रीट्रीट की शुरुआत

भारत में रीट्रीट की शुरुआत 1950 के दशक में शुरू हुई थी। तभी से इसे बीटिंग रीट्रीट कहा जाता है। तब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट ने इस कार्यक्रम को सेनाओं के बैंड के साथ इसका प्रदर्शन किया था जिसमें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि और ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अथिति के तौर पर शामिल हुए थे।



### इस साल क्यों खास है?

इस वर्ष बीटिंग द रिट्रीट समारोह का एक प्रमुख आकर्षण शास्त्रीय रागों से प्रेरित 29 धुनों की भव्य धूमधाम से हुई। इस साल के समारोह में अब तक के सबसे बड़े ड्रोन शो में से एक का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें 3,500 स्वदेशी ड्रोन रायसीना हिल्स के आसमान को रोशन किया।

---

सीएम हाउस से मेल पर जानकारी मिली कि 31 जनवरी को ईडी के सामने पेश होंगे

# ईडी के डर से लापता हुए झारखंड के सीएम सोरेन? उनकी तलाश

27 जनवरी को रांची के राजभवन में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, फिर दिल्ली रवाना हो गए

ईडी की टीम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली पहुंची। लेकिन अभी तक हेमंत सोरेन का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। हालांकि, झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय से मेल आया है कि सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को ईडी की जांच में शामिल होंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले ईडी ने करप्शन पर ताबड़तोड़ धावा बोल दिया है। ईडी की टीम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की तलाश में दिल्ली पहुंची। लेकिन खबर लिखे जाने तक हेमंत सोरेन का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। ये हैरान करने वाला मामला है कि ईडी के डर से एक राज्य का मुख्यमंत्री लापता हो गया है। हालांकि झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय से मेल आया है कि सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को ईडी की जांच में शामिल होंगे। मगर सीएम का अभी तक कोई सुराग ना लग पाना अपने आप में चौंकाने वाली बात है। ईडी के इस समन के बाद हेमंत सोरेन 27 जनवरी को रांची में राजभवन में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। फिर दिल्ली रवाना हो गए। उनके पीछे पीछे ईडी की टीम आज दिल्ली पहुंच गई। ईडी की टीम शांति निकेतन, मोतीलाल नेहरू मार्ग और झारखंड भवन पहुंची, लेकिन तीनों जगह झारखंड के सीएम का सुराग नहीं मिला। हालांकि ईडी ने उनके घर से कुछ अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन को आज ही गिरफ्तार किया जा सकता है।हालांकि ये बात भी कही जा रही है कि सीनियर वकील कपिल सिब्बल से रविवार को ही हेमंत सोरेन ने मुलाकात की थी और माना जा रहा है कि ईडी के समन के खिलाफ हमेंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं। आज सीएम सोरेन को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उनका कोई पता नहीं लग पाया है।

◆ सीनियर वकील कपिल सिब्बल से मुलाकात की हो रही है चर्चा

### ईडी ने कहा था- आप नहीं आए तो हम आएंगे



जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को दसवां समन भेजा था और कहा था कि वो 29 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक अपना बयान दर्ज कराएं। ईडी ने कहा था कि अगर आप हमारे पास नहीं आएंगे तो हम टीम लेकर आपके यहां आएंगे।

**अभी तक 14 गिरफ्तार**

अभी तक गिरफ्तार किए गए 14 आरोपियों में प्रदीप बागची,सद्दाम हुसैन,तल्हा खान, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, फैयाज खान, भानु प्रताप प्रसाद, छवि रंजन, आईएएस (पूर्व डीसी रांची) दिलीप कुमार घोष, विष्णु कुमार अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल शामिल हैं। रुपयों की बात करें तो ईडी की टीम इस पूरे केस में अब तक 236 करोड़ रुपये से ज्यादा संपत्तियों को जब्त कर चुकी है।

### नौकरी के बदले जमीन का मामला


बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए पटना ईडी दफ्तर पहुंची। जहां उनके साथ उनकी बेटी



मीसा भारती भी मौजूद थीं। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता पटना में ईडी दफ्तर के बाहर जुटे और नारेबाजी की। कुछ दिन पहले ईडी ने लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी को पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया था। लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरी के बदले जमीन हथियाने का आरोप है। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक 2004 से 2009 तक इंडियन रेलवे के अलग.अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में उन्होंने अपनी जमीन लेने का आरोप है।

**लालू से पूछे गए सवाल**

सूत्रों के अनुसार, लालू यादव से ईडी ने पूछा कि नौकरी के बदले जमीन का कॉनसेप्ट क्यों था? हृदय नारायण चौधरी से संपर्क कैसे हुआ? लालू से दिल्ली और पटना के ईडी अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। उनसे 50 से ज्यादा सवाल पूछे गए हैं।



### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से ईडी ने की पूछताछ

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली में ईडी पूछताछ कर रही है। मानेसर लैंड डील मामले में दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछताछ हो रही है। दो हफ्ते पहले भी हुड्डा को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।कुछ दिन पहले भी प्रवर्तन निदेशालय ने 2004-07 के दौरान हुए गुरुग्राम के 1500 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से छह घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने एक हफ्ते पहले उन्हें जांच में शामिल होने का नोटिस दिया था। ईडी ने दिल्ली मुख्यालय में पीएमएलए कानून के तहत 76 वर्षीय हुड्डा के बयान दर्ज किए।

---

विधानसभा अध्यक्ष पद की रेस

# नीतीश करेंगे कैबिनेट विस्तार शाहनवाज को जगह संभव



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एनडीए के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है। नीतीश कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नए मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर एनडीए के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। भाजपा नेताओं ने सोमवार को संकेत दिया कि अन्य जातियों, अल्पसंख्यक समूहों और महिला विधायकों को जगह देने के लिए एक या दो दिन में आगे भी कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा। जेडीयू के एक नेता ने बताया कि नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले संभावित चेहरों में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन, नितिन नवीन, रामप्रीत पासवान, जनक राम, श्रेयशी सिंह और जेडीयू नेता सुनील कुमार सिंह, मदन सहनी, लेसी सिंह, शीला मंडल, जयंत राज अशोक चौधरी और संजय झा के नाम की चर्चा है।

### अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा

इस बीच, भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल का प्रतिनिधित्व करने वाले अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ विधानसभा सचिव को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा है। नोटिस में भाजपा नेताओं ने वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष में विश्वास की कमी व्यक्त की है क्योंकि नई सरकार सत्ता में आ गई है। प्रस्ताव पर भाजपा के साथ-साथ जेडीयू के विधायकों ने भी हस्ताक्षर किए। सूत्रों से पता चला है कि विधानसभा अध्यक्ष का पद भाजपा के पास रहने की उम्मीद है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए जिन नामों की चर्चा चल रही है उनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव और अमरेंद्र प्रताप सिंह का नाम भी शामिल है।

---

## खबर संक्षेप

### शुभेंदु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने पार्टी के नेता राहुल



गांधी के बारे में कथित तौर पर अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी के लिए सोमवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने इसे अपमान माना है।

### खट्टर ने ई-लाइब्रेरी के लिए पैतृक घर दिया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को



अपने पैतृक गांव रोहतक जिले के बनियानी में पहुंचे। वहां उन्होंने अपना पैतृक घर गांव के अधिकारियों को सौंप दिया है। बच्चों के लिए ई-लाइब्रेरी की स्थापना के लिए ये घर दिया गया है।

### पति का प्राइवेट पार्ट पत्नी ने दांत से काटा

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक पति अपनी पत्नी के साथ




अप्राकृतिक संबंध बनाना चाहता था। लेकिन उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए जिद कर रहा था। जिससे नाराज होकर महिला ने अपने पति का प्राइवेट पार्ट काट डाला। पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

---

# खरगे बोले-फिर मोदी आए तो नहीं होंगे चुनाव, केजरीवाल ने कहा-गलत किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यूटर्न लेते हुए एनडीए का दाम थाम लिया है। नीतीश के इस निर्णय से विपक्ष में भारी गुस्सा है। ओडिशा पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुस्से में यहां तक कह दिया कि इस साल के लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी आते हैं तो मानकर चलिए फिर दुबारा चुनाव नहीं होंगे। जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गहरी सांस लेते हुए सिर्फ इतना कहा कि नीतीश ने जो भी किया गलत किया। बता दें कि भाजपा के विरोध में महागठबंधन के लिए नीतीश ने काफी मेहनत की थी लेकिन उन्हे अपेक्षानुसार महत्व नहीं दिया गया।

### नीतीश के यू टर्न पर भड़का विपक्ष

**खरगे और केजरीवाल का गुस्सा**

भुवनेश्वर में ओडिशा बचाओ समावेश कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर






निशाना साधा है। खरगे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे तो यह आम चुनाव देश का आखिरी चुनाव होगा। खरगे ने दावा किया कि यदि पीएम मोदी इस साल आम चुनाव के बाद फिर से अपनी सरकार बना लेते हैं तो वह किसी की नहीं सुनेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि देश के लोग 2024 में आखिरी बार चुनाव में हिस्सा लेंगे। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि इससे भाजपा के एनडीए को ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि नीतीश कुमार को नहीं जाना चाहिए था।कहा कि नीतीश कुमार ने गलत किया है।

### कर्नाटक में हनुमान ध्वज को उतारने पर मचा बवाल

**बेंगलुरु।** मंड्या जिले के केरेगोडु गांव में राम मंदिर के सामने एक 108 फुट ऊंचा स्तंभ है जिस पर पर हनुमान ध्वज लहराता है। मगर



प्रशासन ने स्तंभ से हनुमान ध्वज को उतारा और तिरंगा लगा दिया।

इसके विरोध में भारी संख्या में लोग पहुंच गए। प्रशासन ने लाठी चार्ज किया। प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ भाजपा और जेडीएस समेत हिंदू संगठन के सदस्य भी मौदान में उतर गए और विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन का कहना है कि जिस जगह पर स्तंभ बना हुआ है, वह सरकारी जमीन है। तभी तिरंगा लगाया है आपत्ती नहीं होना चाहिए।

### देश की भलाई के लिए... उपराष्ट्रपति ने की प्रार्थना



*तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में थिल्लई नटराज मंदिर पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश की भलाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मैंने चिदंबरम थिल्लई नटराज मंदिर का दौरा किया और देश के सभी लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना की। भगवान नटराज हमारे मन से अज्ञानता और बुराई को दूर करें और इस ब्रह्मांड को शांति और समृद्धि का आशीर्वाद दें।*

---

सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे पर लगाई रोक, कहा

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला में हिंदू पक्ष दाखिल करे लिखित जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीर्थनगरी मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट कमीशन पर स्टे आदेश को अप्रैल तक बढ़ा दिया है। हिंदू पक्ष को कहा है कि सभी पक्षकार अपने जवाब दाखिल करें। वहीं, मुस्लिम पक्ष की वादों की सुनवाई को कोर्ट तय करने संबंधी एसएलपी पर भी अगली तिथि पर सुनवाई करने को कहा।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने दोपहर एक बजे करीब इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से एडवोकेट कमीशन पर लिखित जवाब मांगा। जवाब दाखिल न होने पर कोर्ट ने कहा कि अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी। तब तक शाही ईदगाह के एडवोकेट कमीशन के सर्वे के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक जारी रहेगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि हाईकोर्ट में दाखिल वादों की सुनवाई जारी रहेगी। उनकी सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। सिर्फ एडवोकेट कमीशन के आदेश पर स्टे अप्रैल में होने वाली अगली सुनवाई तक जारी रहेगा।

महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि एडवोकेट कमीशन की नियुक्ति के लिए आवेदन बहुत अस्पष्ट है। आदेश को अगली तारीख तक लागू न करें।

हिंदू पक्ष अपने आवेदन की प्रार्थना को देखे, वाद में दिए गए कथन के आलोक में एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की प्रार्थना बहुत अस्पष्ट है। हिंदू पक्ष अपना जवाब दाखिल करे कि एडवोकेट कमीशन किस लिए चाहता है।सुप्रीम कोर्ट की पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे।

◆ अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी

◆ मुस्लिम पक्ष पर इन सबूतों को नष्ट करने का आरोप



**हिंदू पक्ष ने दिया था यह तर्क**

हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट में एडवोकेट कमीशन के मांग संबंधी आवेदन में हाईकोर्ट में तर्क दिया था कि शाही ईदगाह मस्जिद के एक हिंदू मंदिर होने के स्पष्ट संकेत हैं, जिसमें कमल के आकार का स्तंभ और भगवान कृष्ण से जुड़े हिंदू देवता शेषनाग की एक छवि शामिल है।

**मामले में 1968 में हुए समझौते के तहत क्या हुआ था?**

श्री कृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट के सहयोगी संगठन श्री कृष्ण जन्मभूमि सेवा संघ और शाही ईदगाह के बीच हुए इस समझौते में 13.37 एकड़ भूमि में से करीब 2.37 एकड़ भूमि शाही ईदगाह के लिए दी गई थी।

---

टीएमसी ने कहा-संभव ही नहीं

# मैं गारंटी देता हूं, 7 दिन में लागू होगा सीएए: केंद्रीय मंत्री शांतनु

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



लोकसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के क्रियान्वयन की खबरों के बीच केंद्रीय जहाजरानी राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने बड़ा दावा किया है कि देश में अगले एक सप्ताह में सीएए लागू हो जाएगा।

बंगाल के बनगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि मैं ये गारंटी दे रहा हूं कि अगले सात दिनों में सिर्फ बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश में सीएए लागू होगा। दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक सार्वजनिक बैठक में उन्होंने यह दावा किया। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सीएए लागू करने को लेकर कोई संशय नहीं है। इससे पहले दिसंबर में बंगाल दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए को देश का कानून बताते हुए कहा था कि इसके लागू होने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व तृणमूल पर सीएए को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था। इधर, ठाकुर के दावे पर राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने फिर दोहराया कि राज्य में सीएए किसी हाल में लागू नहीं होगा।

## संभागीय कमिश्नर ने की पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

# जहां पर ज्यादा नाम जुड़े या कटे है वहां विशेष रूप से देखें: रोल प्रेक्षक अभय वर्मा

**जबलपुर।** संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने रोल प्रेक्षक के रूप में फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता से करते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। पुनरीक्षण के माध्यम से मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओ एवं बीएलए में समन्वय आवश्यक है। कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित बीएलओ भी उपस्थित थे।

वर्मा ने निर्देशित किया कि बीएलओ अपने क्षेत्र का भ्रमण करें तथा जिन भी व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से छूटे व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उनसे नियमानुसार फॉर्म भरवाएं तथा उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्यवाही करें। शादी होकर आने वाली महिलाओं के नाम जोड़ें। उन्होंने कहा कि जो भी फॉर्म प्राप्त हो रहे हैं उन्हें तत्काल ऑनलाईन करें। मतदाता सूची से किसी भी का



नाम काटने के पूर्व दस्तावेजों से विधिवत सत्यापन सुनिश्चित करें। मृत व्यक्तियां की जानकारी के लिए संबंधित निकायों से सहयोग प्राप्त करें। शिविर में मतदाता सूची का वाचन करें तथा प्राप्त दावा आपत्तियों के नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही करें। पुनरीक्षण के दौरान जेंडर रेशो एवं ईपी रेशो पर भी फोकस करें। रोल ऑब्जर्वर ने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जहां पर ज्यादा नाम जुड़े या कटे है वहां विशेष रूप से देखें और शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट, एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय में ईव्हीएम मशीन को प्रदर्शन के लिये रखा जाये। रोल प्रेक्षक वर्मा ने सुपर चेकिंग के दौरान प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये।



## स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम दिखवाया गया विद्यार्थियों को

**जबलपुर।** वार्षिक परीक्षा को लेकर शासन की पहल के तहत आने वाले समय में परीक्षा के प्रति सजग रहने और छात्रों को परीक्षा से घबराए नहीं इस हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 29 जनवरी 2024 को परीक्षा पर चर्चा पर छात्रों को विभिन्न प्रकार निर्देशों से अवगत कराया उक्त कार्यक्रम में संस्था यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल जबलपुर के छठवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चो ने बढ़ चलकर हिस्सा लिया, और परीक्षा के दौरान आने वाले समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक एवं संस्था की प्रिंसिपल श्री मती सोनल तिवारी सहित समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

## जिले के छात्र-छात्राओं ने भी प्रधानमंत्री के "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में सहभागिता की



**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज जिले के समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों में आयोजित किया गया .जिसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बड़ी स्क्रीन,टीवी लैपटॉप आदि के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को सुना.इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला गणेशगंज में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी ने सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धनकर विद्यार्थियों को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शनानुसार परीक्षा की तैयारी करने प्रेरित किया. शासकीय पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल में माननीय विधायक अभिलाष पांडे ने विद्यार्थियों के बीच बैठकर माननीय प्रधानमंत्री जी से विद्यार्थियों द्वारा जिज्ञासा पूर्वक पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को सुना.माननीय विधायक जी ने विद्यार्थियों से कहा कि आप बिना तनाव लिए हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करिए .समय विभाजन कर खुशी खुशी परीक्षा की तैयारी करें और परिणाम की चिंता न करें. कुंडम सीएम राइज विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में माननीय विधायक संतोष बरकडे जी ने सहभागिता कर विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर अध्ययन करने कहा .माननीय प्रधानमंत्री जी को सुनकर छात्र-छात्राएं बहुत उत्साहित थे . कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ,प्राचार्य मुकेश तिवारी बीएससी अजय रजक सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं , शिक्षक ,अभिभावक, क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



### भारत बिजनेस कंक्लेव 2024 का सफल आयोजन

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा "भारत बिजनेस कंक्लेव" 2024 का शानदार आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के विविध क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से परिचित कराना था। इसके अंतर्गत जबलपुर की नौ शालाओं द्वारा प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लिया गया, जिसमें सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें एथेनिक एलिगेस प्रतियोगिता में मानव ओटवानी एवं श्रेया अवस्थी ने बाजी मारी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जी. वलन अरासु ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उनके सतत प्रयासों हेतु उन्हें शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. सोनल राय, डॉ. रूपाली अहलुवालिया, डॉ. आशु जैन, डॉ. प्रीति जैन, डॉ. सरिता गोयल एवं डॉ. कुदशिया रजा तथा कामर्स फॉरम के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## गुरुनानक महाविद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**जबलपुर।** श्री गुरुनानक महाविद्यालय मढ़ाताल द्वारा कला संकाय बीए के तीनों वर्षों की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु रानी दुर्गावती संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्र के इतिहास से अवगत कराना था और गौरवशाली इतिहास की जानकारी देना था, यहां पर संग्रहालय द्वारा आयोजित अभिलेख एवं छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी से भी छात्राओं ने जबलपुर में घटित स्वतंत्रता संग्राम की विभिन्न घटनाओं को छायाचित्रों के माध्यम से समझा और जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विमलकांत सैनी द्वारा किया गया एवं शैक्षणिक भ्रमण का संयोजन डॉ. संगीता तिवारी एवं डॉ. ज्योति चौरसिया द्वारा किया गया। श्रीमती नम्रता गेरा का एवं छात्राओं का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।



### देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्रदीप वर्मा पदाधिकारी नियुक्त

**जबलपुर।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन और जागरूक खेल संघ के प्रदेष अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संगठन का विस्तार करते हुए प्रांतीय संयोजक राकेष श्रीवास की अनुषंसा पर जिला सिवनी के देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्रदीप वर्मा को क्रमषः कर्मचारी संगठन एवं जागरूक खेल संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्रदीप वर्मा को पुष्प माला पहनाकर एवं नियुक्ति पत्र देकर कर्मचारी संगठन एवं खेल संघ के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई एवं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## गेहूं-धान के समर्थन मूल्य के आंदोलन में गिरफ्तार किसानों को मिलेगा कृषक सेवा रत्न अलंकरण

**सिहोरा।** खेतों में सिंचाई के लिए बिजली के पंपों के रेट मनमाने तरीके से बढ़ाने की बिजली कंपनियों ने पूरी तैयारी कर ली थी। इसके खिलाफ किसान संगठनों ने पुरजोर तरीके से लंबी लड़ाई लड़ी। भोपाल में नियामक आयोग के सामने किसानों ने मजबूती से अपना पक्ष रखा सभी के विरोध के चलते बिजली कंपनी और सरकार को अपने इस निर्णय को वापस लेना पड़ा। इस लंबी लड़ाई में अपना योगदान देने वाले किसानों और धान-गेंहू समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ करने के आंदोलन में गिरफ्तार हुए किसानों को कृषक सेवा रत्न अलंकरण सम्मान दिया जाएगा यह बात भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के अग्रवाल ने कही। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल के निवास पर आयोजित बैठक में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की बोर्ड सदस्य डॉ. बृजेश अर्जरिया,भारत कृषक समाज के जिला महासचिव उपेंद्र पटेल, सिहोरा-मझौली तहसील अध्यक्ष रामगोपाल पटेल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में बताया गया कि 6 फरवरी को शहीद स्मारक गोल बाजार में भारत कृषक समाज द्वारा जिले के 72 किसानों को कृषक सेवा रत्न अलंकरण सम्मान दिया जाएगा। जिसमें 19 किसान सिहोरा और मझौली तहसील के हैं। कृषक सेवा रत्न अलंकरण सम्मान एवं कृषक सम्मेलन महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी अध्यक्ष कार्य परिषद मध्य प्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड भोपाल,भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ के मुख्यातिथ्य,डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर की अध्यक्षता में होगा।

## सामाजिक समरसता के प्रतीक थे महर्षि वाल्मीकि: श्रीबालयोगी उमेशनाथ महाराज



**जबलपुर।** महर्षि वाल्मीकि ज्ञान यज्ञ समिति के तत्वाधान में जबलपुर स्थित रामलीला भवन सदर में प्रदेश स्तर की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संपूर्ण वाल्मीकि समाज के गौरव मध्य प्रदेश शासन के राजकीय अतिथि पीठाधीश्वर श्री क्षेत्र वाल्मिकी धाम के राष्ट्रीय संत श्री बाल योगी उमेश नाथ महाराज ने सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि जी के समक्ष की प्रचलित कर पूजा अर्चना की और बैठक को संबोधित किया करते हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में महर्षि वाल्मीकि के आदर्श पर चलने हेतु कहा एवं जबलपुर में जबलपुर महर्षि ज्ञान यज्ञ किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए जिसे प्रदेश से आए हुए समस्त वरिष्टों ने शिरोधारा किया ज्ञान यज्ञ समिति के श्री महेश कटारे श्री रतन डागौर की विज्ञप्ति अनुसार इस आवश्यक बैठक मेंप्रदेश के 40 जिलों से लगभग 200 वरिष्ठ समाजसेवियों ने उपस्थित होकर अपने विचारों को रखा।

## पंडित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करने सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** आजादी की लडाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले गरम दल के नेता पं चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा सिहोरा के हदयस्थल आजाद चौक में स्थापित करने की मांग को लेकर नगरवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम सिहोरा के नवनिर्वाचित विधायक संतोष बरकडे को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है की आजादी की लडाई में अंग्रेजों के साथ लोहा लेने वाले महान क्रांतिकारी पं चंद्रशेखर आजाद की आदमकद प्रतिमा आजाद चौक पर स्थापित की जाए। प्रतिमा लगाने के लिए नगर पालिका परिषद में आगामी बजट में प्रस्ताव पारित किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय भाजपा नेता अरूण जैन, नगर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी, शिशिर पांडे, सोनू मिश्रा, एड.आनंदमणि त्रिपाठी, नगर मंत्री सुग्रीव सेन, सुनील चक्रवर्ती के साथ बडी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल थे।

## सीएम राइज स्कूल में भी दिखवाया गया परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम



**मझौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सीएम राइस मझौली में आयोजित किया गया। जिसमें रधानमंत्री ने वर्चुअल बच्चों से बात की और परीक्षा के समय तनाव से कैसे मुक्त रहे बच्चों को टिप्स दिए। इस कार्यक्रम में सीएम राइस मझौली के समस्त शिक्षक, बच्चे और नगर के जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जनप्रतिनिधियों के स्वागत के उपरांत सभी ने वर्चुअली स्क्रीन पर प्रधानमंत्री की बातों को सुना। इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार मैडम श्रीमती सुनीता मिश्रा, जनप्रतिनिधि राजेश ठाकुर जिला पंचायत सदस्य,रमेश झारिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष,मनोज तिवारी, और सभी शिक्षक उपस्थित हुए।

## नगर निगम सफाई मजदूर संघ की नवगठित कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सफाई मजदूर महासंघ की नगर इकाई के छावनी तथा नगर पालिक निगम व सफाई ठेका के क्षेत्रों में संगठन व सफाई मजदूरों को मजबूती प्रदान करने नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। मप्र सफाई मजदूर महासंघ के कार्यालय बेलबाग टोरिया रामलला गली में गणतंत्र दिवस पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर गौतेल ने दीप प्रज्जवलित कर ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर बच्चों को कॉपी, पेन, स्टेशनरी, प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही भास्कर राव चौधरी के अध्यक्ष व पदमा डेनियल के उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर दलित संगठनों ने दोनों सदस्यों का अभिनंदन किया। समारोह के मुख्य अतिथि रामेश्वर गौतेल ने कहा कि अब महासंघ जबलपुर सफाई मजदूरों के लिए प्रकाश स्तंभ बन गया है। अध्यक्ष भास्कर राव चौधरी ने मजदूर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा आवासीय भूमि जो कि मौजा- हिनौतिया, बंदोबस्त नं. 754, प.ह.नं.05, कमला नेहरु नगर वार्ड, तहसील अधारताल जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं.329,330, 331,332, 333/1, 343/1 का हिस्सा नामान्तरण पश्चात खसरा नं. 333/1/1/4/1/1/1/1, भूखंड नं. 51/2 & 52/2 का भाग, जिसका कुल प्लाट रकवा 930 वर्गफुट है जिसमे तल मंजिल निर्मित रकवा 560 वर्गफुट एवं प्रथम मंजिल निर्मित रकवा 610 वर्गफुट है को भूमिस्वामी श्री रितेश कुमार जैन पिता श्री राजेंद्र कुमार जैन & श्रीमती प्रीती जैन पति श्री विजय कुमार जैन ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20.04.2012, पंजीयन क्र.285 के माध्यम से श्री राहुल जैन पिता श्री अरविन्द जैन एवं श्रीमती निशा जैन पति श्री अमित जैन पुत्री श्री राजकुमार जैन से क्रय किया है तथा श्री राहुल जैन पिता श्री अरविन्द जैन एवं श्रीमती निशा जैन पुत्री श्री राजकुमार जैन ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07.03.2008, पंजीयन क्र.1180 के माध्यम से श्री राजकुमार सोनी पिता श्री दौलतराम सोनी एवं श्रीमती अर्चना सोनी पति श्री रामकुमार सोनी से क्रय किया है श्री राजकुमार सोनी पिता श्री दौलतराम सोनी एवं श्रीमती अर्चना सोनी पति श्री रामकुमार सोनी ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 06.07.2004, पंजीयन क्र.1122 के माध्यम से पूर्व भूमिस्वामी शाति रंजन भट्टाचार्य, श्रीमती प्रतिमा राय, राजेश भट्टाचार्य, श्रीमती गौरी भट्टाचार्य, श्रीमती टिया भट्टाचार्य, ब्रजेश भट्टाचार्य सभी की ओर से मुख्त्यार आम श्री राजेश जैन पिता श्री एल.सी. जैन से क्रय किया है, तथा श्री मनीष कुमार जैन पिता श्री विमल चंद जैन & श्रीमती आकांशा जैन पति श्री मनीष कुमार जैन ने उक्त संपति को क्रय करने का अनुबंध पत्र वर्तमान भूमिस्वामी श्री रितेश कुमार जैन पिता श्री राजेंद्र कुमार जैन & श्रीमती प्रीती जैन पति श्री विजय कुमार जैन से दिनांक 08.01.2024 को किया है ।

यह कि श्री मनीष कुमार जैन & श्रीमती आकांशा जैन द्वारा मेरे पक्षकार CANARA BANK CANTT BRANCH SADAR, JABALPUR से उक्त मकान क्रय करने ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसकी सुरक्षा हेतु श्री मनीष कुमार जैन & श्रीमती आकांशा जैन द्वारा उक्त संपति /मकान बंधक की जा रही उक्त संपति का साम्यिक बंधक हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07.03.2008, पंजीयन क्र.1180 एवं पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 06.07.2004, पंजीयन क्र.1122 के मूल प्रति की आवश्कता है जो कि श्री रितेश कुमार जैन & श्रीमती प्रीती जैन से गुम हो गयी है जिसकी प्राथमिक सूचना थाना मदन महल में दिनांक 29.01.2024 को श्री रितेश कुमार जैन & श्रीमती प्रीती जैन द्वारा दी जा चुकी है अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार CANARA BANK CANTT BRANCH SADAR, JABALPUR को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपति पर विचार नही किया जावेगा ।

जबलपुर,दिनांक :-29.01.2024

भवदीय-राजेश प्यासी एडवोकेट -319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका जबलपुर मो. 9424320068




**श्रीमती शीला पांडे-** निवासी 11, सुखसागर कंपलेक्स, महानंदा रोड, का निधन 29. 1. 2024 को हुआ जिनका दाह संस्कार ग्वारीघाट, शमशान घाट, में संपन्न हुआ। वे श्री अतुल पांडे की मां एवं अपूर्व पांडे एवं आराध्य पांडे की दादी थी।



**श्रीमती शांति देवी जायसवाल** - अवधेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, नरेन्द्र जायसवाल (बाबा) की मां श्रीमती शांति देवी जायसवाल पति स्व. शंकरलाल जायसवाल का निधन 29.1.24 को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज निज निवास कोतवाली थाने के पीछे चूड़ी मार्केट से सुबह 11 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री राजू सैनी-** माली मोहल्ला शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री राजू सैनी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सदन सोनकर-** सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पास निवासी श्री गुलजारी राम सोनकर के पुत्र सदन सोनकर (15) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुनील भक्त-** वैस्ट लैंड खमरिया निवासी श्री सुनील भक्त (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमन कोरी-** शीतलामाई निवासी श्री महेंद्र कुमार कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन कोरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सीताराम दास-** करमेता शारदा नगर निवासी श्री सीताराम दास (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**आरोही खटीक-** खटीक मोहल्ला बकरा मंडी के पास निवासी श्री राहुल खटीक की अल्पायु पुत्री आरोही का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पूरन लाल उपाध्याय-** नई बस्ती फेस 1 तिलहरी निवासी श्री पूरन लाल उपाध्याय (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश महार-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रमेश महार (83) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा नायडू-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री नारायण नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती आशा नायडू (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुखबरिया बाई कोल-** लालमाटी बड़ी संतोषी माता के पास निवासी श्री मंगल प्रसाद कोल की धर्मपत्नी श्रीमी सुखबरिया बाई कोल (65) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला पांडे-** सुखसागर काम्पलेक्स महानद्दा निवासी श्री सालिगराम पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती शीला पांडे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय सिंह-** वल्दी कोरी की दफाई विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री अजय सिंह (57) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पंजाब सिंह सिकरवार-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री पंजाब सिंह सिकरवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देविका देवी-** बड़ी खेरमाई गेट नं. 2 के सामने निवासी श्री जीवन लाल राज की धर्मपत्नी श्रीमती देविका देवी (74) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय शिवहरे-** धोबीघाट भोंगाद्वार निवासी श्री संजय शिवहरे (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम दुलारे कुशवाहा-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राम दुलारे कुशवाहा (57) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छितेश्वर नाथ गुप्ता-** शीतलामाई निवासी श्री छितेश्वर नाथ गुप्ता (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई-** गोरखपुर निवासी श्रीमती चंदा बाई (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175